राजस्थान सरकार
निदेशालय कालेज शिक्षा राजस्थान जयपुर

क्रमांक : एफ20(415)आयो/निकाशि/2013/920 दिनांक : 19-07-2013

प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय
केकड़ी/सिरोही/डीडवाना
राजकीय कन्या महाविद्यालय
श्रीगंगानगर/उदयपुर

विषय :- सत्र 2013-14 से नये विषय प्रारम्भ करने हेतु ।
संदर्भ :- विभाग का समसंख्यक पत्र क्रमांक 16 दिनांक 16.7.2013

आपको विदित ही है कि संदर्भित पत्र द्वारा आपके महाविद्यालय में नवीन विषय प्रारम्भ किये गये हैं, जिनका अध्यापन इस सत्र 2013-14 से करवाया जाना है । इस हेतु आपको निम्नानुसार निर्देशित किया जाता है कि :-

स्नातकोत्तर स्तर पर खोले गये नये विषय में दिनांक 19-7-2013 से 28-7-2013 तक आवेदन मांगे जायें । दिनांक 29.7.2013 को प्रवेशित छात्रों की लिस्ट जारी की जाये तथा दिनांक 30.7.2013 से 7-8-2013 तक फीस जमा की जाये । नये विषयानुसार अध्यापन कार्य 8 अगस्त, 2013 से प्रारम्भ करना सुनिश्चित करें । प्रवेशित विद्यार्थियों की संख्या अविलम्ब निदेशालय को प्रेषित करायें ।

नवीन विषय के व्याख्याता नहीं होने की स्थिति में चालू सत्र में गैस्ट फैकल्टी (सेवानिवृत्त प्राध्यापक) से अध्यापन करवाया जाना है । गैस्ट फैकल्टी को प्रति कालांश रू0 250/- (अधिकतम 60 कालांश व 15,000/- रू0) मानदेय देय होगा । आप तत्काल गैस्ट फैकल्टी की व्यवस्था सुनिश्चित करें तथा कुल कितने कालांश करवाये जाने हैं, का विवरण तैयार करें । तद्नुसार पूरे सत्र में मानदेय भुगतान में कितनी राशि की आवश्यकता होगी, का आंकलन कर दिनांक 16-8-2013 तक निदेशालय को भिजवायें ताकि उसी अनुरूप राज्य सरकार से बजट की मांग की जा सके । राज्य सरकार की ओर से बजट आवंटन होने तक मानदेय का भुगतान छात्र निधि कोष से करवाने की व्यवस्था करें ।

इस हेतु स्थानीय समाचार-पत्रों तथा अन्य प्रचार प्रसार माध्यमों से विद्यार्थियों को खोले गये नये विषयों के बारे में जानकारी दिया जाना सुनिश्चित करें।

(नवीन जैन)
निदेशक

क्रमांक : एफ20(415)आयो/निकाशि/2013/921-922 दिनांक : 19.7.2013
प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :-

1. संयुक्त निदेशक, अकादमी
2. डा0 धीरेन्द्र देवर्षि, वेब प्रभारी

(डा0 सी0एम0 खटीक)
संयुक्त निदेशक, आयोजना